आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 19.05.2025 समय : 1905

- केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा—देशभर में विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू किया जाएगा।
- आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम के आगामी एपिसोड के लिए सुझाव 23 मई तक स्वीकार किए जाएंगे।
- मध्योत्तर अंडमान ज़िला पुलिस की ओर से किशोरी नगर में जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- 25 मई को रंगत में प्रथम एसपी जिला ओपन शतरंज टूर्नामेंट की घोषणा की गई है।

**<><><><><><><>**

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि देशभर में विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू किया जाएगा। यह अभियान इस महीने की 29 तारीख से शुरू होगा और 12 जून तक चलेगा। इस अभियान का उद्देश्य किसानों को कृषि संबंधी उन्नत तकनीकों और बीजों के बारे में जानकारी प्रदान करना है। श्री सिंह ने कहा देशभर के 723 जिलों में यह अभियान चलाया जाएगा और इससे लगभग डेढ़ करोड़ किसान लाभान्वित होंगे।

श्री चौहान ने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था का आधार है और देश की लगभग आधी आबादी आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर है तथा कृषि क्षेत्र देश की खाद्य सुरक्षा की नींव है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत जैसा महत्वपूर्ण और परिवर्तनकारी अभियान जारी है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत विकसित कृषि, विकसित खेती और समृद्ध किसान जैसी संकल्पनाओं को पूरा करने पर ध्यान दिया जा रहा है।

**<><><><><><><>**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 मई को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार देश और विदेश के लोगों के साथ साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 122वां एपिसोड होगा। लोग अपने

विचार और सुझाव टोल–फ्री नंबर 1800–11–7800 के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। वे अपने सुझाव नरेन्द्र मोदी ऐप या माई जी ओ वी– MyGov ओपन फोरम के जरिए भी साझा कर सकते हैं। आगामी एपिसोड के लिए सुझाव इस महीने की 23 तारीख तक स्वीकार किए जाएंगे।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर गुरु की रसोई ने एम जी एम हेल्थकेयर, चेन्नई के साथ मिलकर 5वें सुपर स्पेशियलिटी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के मार्गदर्शन में द्वीपसमूह में इस स्वास्थ्य पहल की शुरुआत, स्थानीय लोगों को उन्नत चिकित्सा परामर्श और देखभाल प्रदान करने के लिए की गई थी। इस चिकित्सा शिविर में ऑन्कोलॉजी पर विशेष ध्यान दिया गया। गुरु की रसोई के संस्थापक और अध्यक्ष मनदीप ग्रेवाल ने आकाशवाणी से बातचीत में कहा कि उनका लक्ष्य द्वीपसमूह के लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली, सुलभ स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना है।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान ज़िला पुलिस की ओर से हाल ही में किशोरी नगर पंचायत हॉल में जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ज़िला पुलिस अधीक्षक श्वेता के सुगाथन, उप–विभागीय पुलिस अधिकारी अंकेश यादव और कालीघाट पुलिस थाना के प्रभारी अशोक कुमार बघेल ने स्थानीय निवासियों के साथ बातचीत की और विभिन्न सार्वजनिक शिकायतों को सुना। आयोजन के दौरान, अधिकारियों ने नागरिकों द्वारा उठाई गई समस्याओं पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस पहल का उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच संबंधों को मजबूत करना और सामुदायिक चिंताओं को पारदर्शी और उत्तरदायी तरीके से समाधान करना था। इस अवसर पर अधिकारियों ने कानून व्यवस्था के रखरखाव और युवाओं में मादक द्रव्यों के सेवन में वृद्धि तथा परिवारों और समाज पर इसके दुष्प्रभाव पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान जिला पुलिस की ओर से 25 मई को रंगत में प्रथम एसपी जिला ओपन शतरंज टूर्नामेंट की घोषणा की गई है। अंडमान निकोबार शतरंज संघ के सहयोग से आयोजित होने वाला इस टूर्नामेंट का उद्देश्य शतरंज के खेल में रुचि पैदा करना है। इस टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए कोई प्रवेश शुल्क नहीं है। हालांकि, सभी खिलाड़ियों को वर्ष 2025–26 के लिए अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के

साथ पंजीकृत होना चाहिए। प्रविष्टियाँ जमा करने की अंतिम तिथि 23 मई शाम 5 बजे तक है। इच्छुक प्रतिभागी ऑनलाइन या ऑफलाइन पंजीकरण कर सकते हैं।

<><><><><><><>

कृषि विभाग ने ननकौड़ी क्षेत्र के आदिवासी समुदायों के उत्थान के उद्देश्य से कमोर्टा, कच्छाल, तेरेसा और चौरा के किसानों को क्षेत्र के सहायक आयुक्त ने निःशुल्क सब्जी बीज मिनी किट और फोर्क शॉवेल वितरित किए हैं। इसके अलावा, कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी के माध्यम से किसानों के लिए गतिविधियों और प्रदर्शनों की एक श्रृंखला आयोजित की गई, ताकि रसोई बागवानी और लाभकारी सब्जी की खेती को बढ़ावा दिया जा सके। रसोई बागवानी और सब्जी की खेती के प्रदर्शन के दौरान, किसानों को सब्जी की खेती से संबंधित संपूर्ण पैकेज ऑफ प्रैक्टिसेज के बारे में जानकारी दी गई। इसमें कुल 30 किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन कृषि सहायक उज्ज्वल लाल द्वारा किया गया। यह पहल कृषि सचिव पल्लवी सरकार के मार्गदर्शन में किया गया ।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन के सभी विभागों में त्रैमासिक मॉक ड्रिल अनिवार्य करने के मुख्य सचिव के निर्देशानुसार आपदा प्रबंधन निदेशालय की ओर से आज गोलघर स्थित कृषि विभाग में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। आपातकालीन स्थितियों के लिए विभाग की तैयारियों का मूल्यांकन करने के लिए जिला प्रशासन, स्वास्थ्य, परिवहन और अग्निशमन विभागों के समन्वय में अभ्यास आयोजित किया गया। डीब्रिफिंग सत्र के दौरान अभ्यास में पाई गई खामियों पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर आपदा प्रबंधन, अग्निशमन और स्वास्थ्य विभागों के अधिकारियों ने आपात स्थितियों में अपनी प्रतिक्रिया क्षमताओं को बढ़ाने के लिए सभी कृषि विभाग की टीमों और कर्मचारियों के लिए बुनियादी आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया।

<><><><><><><>

डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में सिविल, मैकेनिकल, ई सी ई और एच एम में लैब तकनीशियन और प्रशिक्षक के पद के लिए लिखित परीक्षा में शामिल पात्र उम्मीदवारों की अंतिम उत्तर–पुस्तिका कल नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित की जाएगी। इसके अलावा प्रशासन की भर्ती पोर्टल पर भी

इसे अपलोड कर दिया जाएगा। लैब तकनीशियन–एच एम के लिए दावे तथा आपत्तियां अब कल शाम पांच बजे तक संस्थान के ई–मेल पर भेजे जा सकते है।

**<><><><><><><>**

शैक्षणिक वर्ष 2025–26 के लिए डीब्रेट में डिप्लोमा इंजीनियरिंग और डिग्री इंजीनियरिंग कार्यक्रमों तथा डिगलीपुर में सरकारी पॉलिटेक्निक में डिप्लोमा कार्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उम्मीदवार कल से पच्चीस मई तक कॉलेज एडमिशन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। किसी भी स्पष्टीकरण के लिए संस्थान से सुबह 9:00 बजे से शाम 4:00 बजे के बीच संपर्क किया जा सकता है।

**<><><><><><><>**